पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने मुख्यमंत्री को लोक आयुक्त नियुक्ति से संबंधित पत्रावली वापस भेजी

लखनऊ: 6 अगस्त, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने प्रदेश के नये लोक आयुक्त की नियुक्ति के संबंध में मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव को पत्रावली वापस भेज दी है। राज्यपाल ने मुख्यमंत्री से अपेक्षा की है कि नये लोक आयुक्त की नियुक्ति के संबंध में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश एवं राज्य विधान सभा के नेता विपक्ष के साथ विचार विमर्श प्रक्रिया के दौरान सम्पन्न हुए समस्त पत्राचारों सहित पत्रावली उन्हें शीघ्र भेजी जाय ताकि नये लोक आयुक्त की नियुक्ति पर निर्णय लिया जा सके।